नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions — 30

No. of Printed Pages — 7

# SS—01—Hindi (C)

## उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2010

## अनिवार्य हिन्दी

## ( COMPULSORY HINDI )

समय : $3\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्नपत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।
2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।
4. जिस प्रश्न के एक से अधिक समान अंकवाले भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें ।
5. प्रश्न क्रमांक **1** के चार भाग ( i, ii, iii तथा iv ) हैं । प्रत्येक भाग के उत्तर के चार विकल्प ( **अ, ब, स** एवं **द** ) हैं । सही विकल्प का उत्तराक्षर उत्तर-पुस्तिका में निम्नानुसार तालिका बनाकर लिखें :

| प्रश्न क्रमांक | उत्तर का सही विकल्प |
|---|---|
| 1. (i) | |
| 1. (ii) | |
| 1. (iii) | |
| 1. (iv) | |

1. (i) 'नाविक' शब्द का सन्धि विच्छेद है

(अ) नौ + इक (ब) नो + ईक

(स) नाव + इक (द) ना + आविक । $\frac{1}{2}$

(ii) विसर्ग सन्धि का उदाहरण है

(अ) सज्जन (ब) हरिश्चन्द्र

(स) नयन (द) उज्ज्वल । $\frac{1}{2}$

(iii) 'जगत् + नाथ' शब्दों का सन्धियुक्त शब्द है

(अ) जगतनाथ (ब) जग्तनाथ

(स) जगन्नाथ (द) जगत्नाथ । $\frac{1}{2}$

(iv) 'स्वागत' शब्द में सन्धि है

(अ) व्यंजन सन्धि (ब) विसर्ग सन्धि

(स) यण् सन्धि (द) अयादि सन्धि । $\frac{1}{2}$

2. 'लहर' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । 1

3. निम्नलिखित शब्दों के विलोमार्थक शब्द लिखिए : 1

(i) संकल्प

(ii) उपचय ।

4. साधारण वाक्य की परिभाषा लिखिए । 1

5. निम्नलिखित वाक्य में रेखाङ्कित शब्द की पद-व्याख्या सम्बन्धी कोई दो बिन्दु लिखिए : 1

<u>शिव</u> पुस्तक पढ़ता है ।

6. निम्नलिखित शब्द-युग्मों का अर्थभेद स्पष्ट कीजिए : 2

(i) पायस — पावस

(ii) क्षुधा — सुधा ।

7. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए : 2

(i) वह जो सबके मन की बात जानता है ।

(ii) वह उक्ति जो परम्परा से चल रही हो ।

8. (i) 'ऐन मौके पर उपाय करना' के लिए सही मुहावरा लिखिए ।

(ii) 'कभी नाव गाड़ी पर, कभी गाड़ी नाव पर ।' लोकोक्ति का स्वरचित वाक्य में प्रयोग कीजिए । 2

9. निम्नलिखित सामासिक पदों का विग्रह करके उनमें निहित समास का नाम लिखिए : 2

(i) नीलकण्ठ

(ii) घृतान्न ।

10. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए : 2

(i) बच्चे को धोकर फल खिलाओ ।

(ii) मीराँ एक प्रसिद्ध कवि थी ।

11. निम्नलिखित शब्दों में विद्यमान उपसर्ग, प्रत्यय एवं मूल शब्द छाँटकर लिखिए : 2

(i) प्रत्याशा

(ii) लालिमा ।

12. अभिधा शब्द-शक्ति एवं लक्षणा शब्द-शक्ति में अन्तर स्पष्ट कीजिए । 2

13. 'भारत गीत' कविता में सुमित्रानन्दन पंत ने क्या सन्देश दिया है ?

( उत्तर सीमा : लगभग 30 शब्द ) 1

14. 'सफल जन्म मेरी बेटी का, बची विश्व की थाती ।'

'नन्द की व्यथा' कविता के आधार पर उक्त पंक्ति में निहित अर्थ लिखिए ।

( उत्तर सीमा : लगभग 30 शब्द ) 1

15. 'प्रकृति रही दुर्जेय, पराजित हम सब थे भूले मद में ।'

'चिन्ता' कविता के आधार पर उक्त पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

( उत्तर सीमा : लगभग 30 शब्द ) 1

16. हमारे जीवन में किस शिक्षा की आवश्यकता है ? अपने विचार अभिव्यक्त कीजिए ।

( उत्तर सीमा : लगभग 60 शब्द ) 2

17. " 'मधुआ' कहानी आडम्बरपूर्ण निर्मम सामंती मनोवृत्ति पर एक चुभता व्यंग्य है ।" इस कथन की सार्थकता सिद्ध कीजिए । ( उत्तर सीमा : लगभग 60 शब्द ) 2

18. महावीर स्वामी ने पंचमहाव्रत कौन-कौन से बताये हैं ? संक्षेप में लिखिए ।

( उत्तर सीमा : लगभग 60 शब्द ) 2

19. 'द्वार बलि का खोल चल, भूडोल कर दे ।' 'जवानी' कविता के आधार पर इस पंक्ति की सत्यता सिद्ध कीजिए ।

( उत्तर सीमा : लगभग 80 शब्द ) 3

20. '' 'जैनेन्द्र' की 'खेल' कहानी बाल मनोविज्ञान का निदर्शन कराती है ।'' इस कथन की समीक्षा कीजिए ।

( उत्तर सीमा : लगभग 80 शब्द ) 3

21. ''कानून की असंगति एक ईमानदार को चोर बनने पर विवश कर देती है ।'' 'निरापद' कहानी के आधार पर उक्त कथन को सिद्ध कीजिए । ( उत्तर सीमा : लगभग 80 शब्द ) 3

22. अश्वमेध क्यों किया जाता है ? संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

( उत्तर सीमा : लगभग 80 शब्द ) 3

23. '' 'ध्रुव श्री' राष्ट्रनिर्माण की भूमिका में एक सफल नाटक है ।'' उक्त कथन की प्रामाणिकता सिद्ध कीजिए ।

( उत्तर सीमा : लगभग 80 शब्द ) 3

24. ''उदार व्यक्तित्व अपरिचितों में भी आत्मीयता के दर्शन कर लेते हैं ।'' उक्त कथन में निहित अर्थ को स्पष्ट कीजिए ।

( उत्तर सीमा : लगभग 100 शब्द ) 4

25. '' 'स्नेह बन्ध' बदलते युग में सास-बहू के सम्बन्धों पर एक मर्मस्पर्शी कहानी है ।'' उक्त कथन को समझाइए । ( उत्तर सीमा : लगभग 100 शब्द ) 4

26. आप केशव शर्मा उज्जैन निवासी हैं । इन्दौर निवासी अपने मित्र को एक पत्र लिखिए जिसमें ग्रीष्मावकाश इस बार आपके साथ मुम्बई में बिताने का आग्रह हो ।

( उत्तर सीमा : लगभग 100 शब्द ) 5

27. (i) 'का वर्षा जब कृषि सुखाने ।'

प्रस्तुत पंक्ति का पल्लवन लगभग 50 शब्दों में कीजिए । 2

(ii) निम्नलिखित अवतरण का संक्षेपण लगभग एक-तिहाई शब्दों में कीजिए : 3

राष्ट्र भाषा की आवश्यकता राष्ट्रीय सम्मान की दृष्टि से भी है । अपने को एक ही राष्ट्र के निवासी मानने वाले दो व्यक्ति किसी विदेशी भाषा में बात करें, यह हास्यास्पद असंगति है । इस बात का द्योतक भी है कि उस देश में कोई समुन्नत भाषा नहीं है । दूसरे के सामने हाथ पसारना समृद्धि का नहीं, दरिद्रता का चिह्न है । दूसरे की भाषा से काम चलाना बहुत कुछ वैसा ही है । जिसकी अपनी भाषा है, वह दूसरे की भाषा क्यों उधार लें ? इससे राष्ट्रीय सम्मान में बट्टा लगता है । विदेशों में जाने पर भारतीयों को अंग्रेजी में बातें करते देखकर वहाँ के निवासी आश्चर्य से पूछ बैठते हैं कि क्या आपकी कोई भाषा नहीं है ? इस प्रश्न का क्या उत्तर दिया जाय । भाषाएँ तो हमारे यहाँ अनेक हैं — एक से एक सुन्दर व समृद्ध । हीन भावना के कारण उनको नहीं अपना पाते ।

28. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लगभग 150 शब्दों में कीजिए : 4

''चिन्ता को लोग चिता कहते हैं । जिसे किसी प्रचण्ड चिन्ता ने पकड़ लिया है, उस बेचारे की जिन्दगी ही खराब हो जाती है । किन्तु ईर्ष्या शायद चिन्ता से बदतर चीज है क्योंकि वह मनुष्य के मौलिक गुणों को ही कुंठित बना डालती है । मृत्यु शायद, फिर भी श्रेष्ठ है, बनिस्पत इसके कि हमें अपने गुणों को कुण्ठित बनाकर जीना पड़े । चिन्ता दग्ध व्यक्ति समाज की दया का पात्र है । किन्तु ईर्ष्या से जला-भुना आदमी जहर की एक चलती-फिरती गठरी के समान है, जो हर जगह वायु को दूषित करती फिरती है ।''

29. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लगभग 150 शब्दों में कीजिए : 4

''उठे राष्ट्र तेरे कन्धों पर
बढ़े प्रगति के पथ में,
पृथ्वी को रख दिया उठाकर
तूने नभ के आँगन में ।

तेरे प्राणों के ज्वारों पर
लहराते हैं देश सभी,
चाहे जिसे इधर कर दे तू
चाहे जिसे उधर क्षण में ।''

30. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 300 शब्दों में निबन्ध लिखिए : 10

(i) महँगाई : समस्या और समाधान

(ii) सर्व शिक्षा अभियान

(iii) आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी

(iv) राजस्थान का जल संकट

(v) अनुशासन का महत्व ।